# विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) द्वारा 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम

दिनांक 31 जुलाई 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ. मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग एवं राज्य संपर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ; तथा श्री राजेश तिवारी, युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना उपस्थित रहे।

